CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 87 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 13 सितम्बर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती: 10 हजार पदों के लिए 5 लाख से अधिक अभ्यर्थी मैदान में

### आज से दो दिन होगी लिखित परीक्षा, सुरक्षा और पारदर्शिता के सख्त इंतज़ाम

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल के 10 हजार पदों पर भर्ती के लिए बहुप्रतीक्षित लिखित परीक्षा शनिवार से शुरू हो गई। परीक्षा 13 और 14 सितंबर को राज्यभर के विभिन्न केंद्रों पर होगी, जिसमें 5 लाख 24 हजार 740 अभ्यर्थी अपनी किस्मत आज़माएंगे। इन पदों में कांस्टेबल सामान्य, चालक, बैंड, पुलिस दूरसंचार और नवगठित महिला बटालियन अमृता देवी, कालीबाई और पदमिनी देवी के पद भी शामिल हैं।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) बिपिन कुमार पांडेय ने बताया कि विज्ञापित पदों में कांस्टेबल सामान्य नॉन-टीएसपी के 8512, टीएसपी के 867, चालक नॉन-टीएसपी के 503, टीएसपी के



47 और बैंड के 71 पद हैं। महिला आरक्षण के तहत कुल 3303 पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं।

दो दिन, चार पारियों में होगी परीक्षा

शनिवार 13 सितंबर को पुलिस दूरसंचार व चालक पद के लिए परीक्षा दोपहर 3 से 5 बजे तक एक ही पारी में होगी। इस दिन नौ जिलों के 280 केंद्रों पर 1 लाख 5 हजार 846 उम्मीदवार परीक्षा देंगे। रविवार 14 सितंबर को पहली पारी सुबह 10 से 12 बजे तक और दूसरी पारी दोपहर 3 से 5 बजे तक होगी। इस दिन 21 जिलों के 1162 केंद्रों पर कुल 4 लाख 18 हजार 894 अभ्यर्थी शामिल होंगे। ई-प्रवेश पत्र पहले ही जारी किए जा चुके हैं।

#### सुरक्षा और पारदर्शिता के पुख्ता इंतज़ाम

परीक्षा की शुचिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस मुख्यालय स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। सभी परीक्षा केंद्र सीसीटीवी से लैस हैं, जहां लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है। उम्मीदवारों की बॉयोमैट्रिक जांच के बाद ही प्रवेश मिलेगा।

इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूरी तरह प्रतिबंधित हैं, इसके लिए सभी केंद्रों पर जैमर लगाए गए हैं। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए नौ-स्तरीय पैकिंग, अस्थायी ट्रेज़री रूम, हथियारबंद गार्ड और वीडियोग्राफी जैसे उपाय अपनाए गए हैं।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (एटीएस एवं एसओजी) वी.के. सिंह ने बताया कि नकल माफिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। जिला कलक्टर, शिक्षा विभाग, रोडवेज और रेलवे के अधिकारियों को भी परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए निर्देश दिए गए हैं। राज्य सरकार और पुलिस विभाग ने साफ किया है कि परीक्षा की पारदर्शिता में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## उदयपुर में मकान मालिक ने किराएदार दंपती पर किया चाकू से हमला, पति की मौत - पत्नी घायल



मृतक । नरपत सिंह



आरोपी मकान मालिक दिनेश

**भीलवाड़ा फोकस @ उदयपुर**

शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम आपसी विवाद के दौरान मकान मालिक ने किराएदार दंपती पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में किराएदार नरपत सिंह (30) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी कालीबाई गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने आरोपी मकान मालिक दिनेश बंसल को हिरासत में ले लिया है।

सूरजपोल थानाधिकारी रतन सिंह चौहान ने बताया कि दिनेश बंसल का अपने किराएदार नरपत सिंह से बिजली-पानी जैसी बातों को लेकर अक्सर विवाद होता था। शुक्रवार शाम भी बिजली बंद करने की बात पर दोनों के बीच कहासुनी हुई, जो अचानक झगड़े में बदल गई। आरोप है कि दिनेश ने गुस्से में चाकू निकालकर नरपत पर कई वार कर दिए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बीच-बचाव करने पहुंची कालीबाई पर भी उसने चाकू से हमला किया, जिससे वह खून से लथपथ होकर गिर पड़ी।

पुलिस के मुताबिक, तीन दिन पहले भी बिजली सप्लाई बंद करने को लेकर दोनों में बहस हुई थी। घायल कालीबाई को गंभीर हालत में एमबी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले की आगे की जांच की जा रही है।

## पुलिसकर्मियों पर हमले का मामला: आरोपी की कराई परेड, जमानत के बाद दोबारा हुआ गिरफ्तार

### पत्नी-पत्नी के झगड़े में गई पुलिस टीम पर किया था हमला, वर्दी फाड़कर मारपीट की थी

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ**

थाना क्षेत्र की श्यामगढ़ पंचायत के चेनपुरिया गांव में विवाद सुलझाने पहुंचे दो पुलिसकर्मियों पर हमला करने और उनकी वर्दी फाड़ने वाले आरोपी उदयसिंह राजपूत को पुलिस ने कस्बे में परेड निकाला और एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया, लेकिन उस पर संगीन धाराओं में दर्ज मुकदमे के चलते पुलिस ने तुरंत दोबारा गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया को हेडकांस्टेबल प्रह्लाद कुमार ने आरोपी उदयसिंह के खिलाफ राजकार्य में बाधा, मारपीट और एससी/एसटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कराया। घटना गुरुवार को उस समय हुई, जब हेडकांस्टेबल प्रह्लाद कुमार और जीप चालक गोपाल लाल



पति-पत्नी के झगड़े की सूचना पर चेनपुरिया गांव पहुंचे थे। वहां आरोपी ने न केवल दोनों पर हमला किया बल्कि उनकी वर्दी भी फाड़ दी। हमले में दोनों पुलिसकर्मी घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही मांडलगढ़ थाने से अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा और त्वरित कार्रवाई करते हुए उदयसिंह को हिरासत में ले लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मोबाइल झपटमार गिरोह के दो आरोपी पकड़े, छीना गया फोन बरामद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

हनुमाननगर थाना पुलिस ने मोबाइल झपटमारी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात में छीना गया मोबाइल बरामद कर लिया। हनुमाननगर की टीम ने महज दो दिन में केस का खुलासा किया है। थानाधिकारी गणेश मीणा ने बताया कि 10 सितंबर की रात को हेमराज पुत्र रामलाल ऐरवाल निवासी बीड़ का झोपड़ा, विजयगढ़ (बूंदी) हाल कोटा रोड हनुमाननगर से बदमाशों ने बलपूर्वक मोबाइल छीन लिया था। घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की।

टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए




अंसारी कॉलोनी हनुमाननगर निवासी शादाब मोहम्मद (22) पुत्र मुस्ताक मोहम्मद और एजेंसी एरिया देवली, जिला टोंक निवासी रवि कोली (25) पुत्र बाबूलाल कोली को धर दबोचा। आरोपियों से छीना गया मोबाइल बरामद कर जब्त किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है।

## बनास नदी हादसा : लापता युवक कैलाश का शव मिला

### 17 घंटे तक चला सर्च ऑपरेशन, एसडीआरएफ व पुलिस ने मिलकर किया रेस्क्यू

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला**





थाना क्षेत्र में गुरुवार रात हुए दर्दनाक हादसे में लापता युवक कैलाश खटीक का शव घटना के करीब 17 घंटे बाद शुक्रवार को बरामद कर लिया गया।

एसडीआरएफ टीम, काछोला पुलिस और पारोली पुलिस ने संयुक्त सर्च अभियान चलाकर शव को घटना स्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर से बाहर निकाला।

गुरुवार देर शाम लगभग साढ़े आठ बजे कैलाश खटीक अपने दो साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर बनास नदी की पुलिया पार कर रहा था। बारिश के कारण पानी का बहाव तेज था, इसी दौरान तीनों बह गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने रेस्क्यू कर दो युवकों की जान बचा ली, जबकि कैलाश तेज धार में लापता हो गया। रातभर तलाश चलने के बाद शुक्रवार सुबह एसडीआरएफ और पुलिस ने सघन सर्च अभियान चलाया। दोपहर में घटना स्थल से एक किलोमीटर दूर कैलाश का शव मिला। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द किया ।

ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया पर पानी का बहाव काफी तेज था, इसके बावजूद युवक पार करने लगे, जिससे हादसा हो गया। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बारिश के दौरान नदी-नालों के तेज बहाव को पार करने से बचें।

सर्च अभियान में पारोली थाना प्रभारी प्रभाती लाल मीणा, काछोला पुलिस के एएसआई श्रवण मीणा, हेड कांस्टेबल रामेश्वर लाल मीणा, पारोली हेड कांस्टेबल राजेंद्र कुमार मीणा, काछोला के विकास सिंह मीणा, भागीरथ, ग्रामीण किशन सिंह अमरपुरा, महावीर किर मीरानगर, छोटू सिंह चैनपुरा व मृतक के परिजन मौजूद रहे।


## धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप, लेसवा में वाइस प्रिंसिपल की पिटाई , धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

बागौर थाना क्षेत्र के लेसवा गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शुक्रवार को उस समय हंगामे का केंद्र बन गया, जब उप प्रधानाचार्य रणवीर सिंह सैनी पर छात्रों ने धर्मविरोधी टिप्पणी करने के आरोप लगाए। आरोपों से नाराज़ ग्रामीण बड़ी संख्या में स्कूल पहुंचे, जहां उन्होंने सैनी से मारपीट कर दी और पुलिस के हवाले कर दिया।

थानाधिकारी भंवर लाल जाट ने बताया कि वाइस प्रिंसिपल रणवीर सिंह स्कूल में कक्षा 5 से 8 तक के विद्यार्थियों को पढ़ाता हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वह पिछले दो-तीन दिनों से बच्चों के बीच धर्म को लेकर विवादित बयान दे रहा था , जिससे माहौल बिगड़ गया ।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को शांत किया और सैनी को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार कर थाने ले गई। घटना की जानकारी पर एसडीएम, तहसीलदार और डीएसपी भी स्कूल पहुंचे। छात्रों के अनुसार, वाइस प्रिंसिपल ने कहा था कि देवता नहीं होते, चुगल ( चोटी) क्यों रखते हो? , अगर गाय को मां मानते हो, तो बैल को बाप कहो और खुद को मांसाहारी बताते हुए कथित रूप से कहा, मैं गाय का मांस खाता हूं, तुम भी खाओ। ग्रामीणों ने वाइस प्रिंसिपल के विरुद्ध रिपोर्ट देकर आरोप लगाया कि वे मूर्ति पूजा और पारंपरिक धार्मिक रीति-रिवाजों के खिलाफ बातें कर रहा था ।



शिक्षा विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रिंसिपल श्यामलाल सेन वाइस प्रिंसिपल रणवीर सिंह सैनी को एपीओ कर दिया है।

घटना के बाद विद्यालय परिसर में कुछ समय तक तनाव रहा, लेकिन पुलिस की तैनाती के बाद स्थिति सामान्य हो गई। थानाधिकारी ने बताया कि जांच जारी है और तथ्य सामने आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रायला में अवैध खनन पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, जेसीबी जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ रायला**



रायला थाना क्षेत्र के रैगरों का खेड़ा इलाके में अवैध खनन की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी मशीन को जब्त किया। गुरुवार देर रात की इस कार्रवाई से खनन माफिया में हड़कंप मच गया।

थाना प्रभारी बच्छराज चौधरी ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि क्षेत्र में जेसीबी से अवैध खनन हो रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस दल मौके पर पहुंचा, जहां सड़क किनारे एक जेसीबी खड़ी मिली। पुलिस ने मौके पर मौजूद चालक से खनन संबंधी आवश्यक दस्तावेज मांगे, लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इस पर पुलिस ने मशीन को कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है और अवैध खनन में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बिजौलिया में रोड लाइटें ठप, अंधेरे में डूबी गलियां , लोगों को हो रही भारी परेशानी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**




**मानव तिवाड़ी ।** नगर पालिका की अनदेखी के कारण कस्बे के वार्ड नंबर 1 सहित कई इलाकों में स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से बंद पड़ी हैं। सड़कों पर अंधेरा छाने से बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को रात में घर से निकलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासी नरेन्द्र ने बताया कि शक्करगढ़ चौराहे से आदर्श विधा मंदिर तक जाने वाली गली और आगे इंदिरा कॉलोनी तक सड़क पर लगी लाइटें महीनों से नहीं जल रहीं। बार-बार शिकायतें करने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।

वार्ड वासियों का कहना है कि अंधेरे में आए दिन लोग ठोकर खा रहे हैं, वहीं दोपहिया वाहन चालकों को भी दुर्घटना का खतरा बना रहता है। नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से जल्द ही स्ट्रीट लाइटें दुरुस्त कर कस्बे में प्रकाश व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

# डीएसटी व बड़लियास पुलिस की अवैध बजरी परिवहन पर कार्रवाई, चार ट्रैक्टर ट्राली जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव ):-** आकोला गांव के निकट बनास नदी किनारे शुक्रवार रात को जिला स्पेशल टीम व बड़लियास थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नदी किनारे लगे अवैध बजरी स्टोक से चार ट्रैक्टर ट्राली बजरी परिवहन करते हुए जब्त किया । बड़लियास थाना दीवान सुनील बेनीवाल ने बताया कि शुक्रवार रात को डीएसटी प्रभारी राजपाल सिंह व दीवान अशोक कुमार ने आकोला बनास नदी किनारे अवैध बजरी स्टोक से बजरी परिवहन कर ले जाते चार ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा, चारों ट्रैक्टर ट्रॉली को बड़लियास थाने लाकर खड़ा किया, डीएसटी व बड़लियास पुलिस की इस कार्रवाई में क्षेत्र के बजरी माफियों में हड़कंप मच गया । पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# खारी नदी हादसाः 26 घंटे बाद मिला गुमशुदा छात्र का शव, एनडीआरएफ और गौताखोरो की टीम ने तलाशा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



खारी नदी में डूबे छात्र की तलाश आखिरकार 26 घंटे बाद शुक्रवार को पूरी हो गई। एनडीआरएफ और गोताखोरों की संयुक्त टीम ने शनिवार सुबह छात्र सुशील मेघवंशी (17) का शव बरामद किया। गुरुवार दोपहर शंभुगढ़ के गजसिंहपुरा गांव के पास हुए इस हादसे ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया था।

जानकारी के अनुसार, सुशील गुरुवार को ट्यूशन जाने की कहकर अपने दो दोस्तों पारस भील (14) और प्रकाश गुर्जर (15) के साथ घर से निकला था। तीनों बच्चे खारी नदी के किनारे पहुंचे और नहाने के दौरान तेज बहाव में बह गए। हादसे की खबर फैलते ही ग्रामीण मौके पर दौड़े और पारस व प्रकाश को समय रहते बाहर निकाल लिया, लेकिन सुशील गहरे पानी में लापता हो गया।

गुमशुदा छात्र की तलाश के लिए शुक्रवार सुबह से भीलवाड़ा और अजमेर से आई एनडीआरएफ टीमों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। तेज बहाव और नदी की गहराई के कारण बचाव दल को भारी मशक्कत करनी पड़ी। गोताखोरों ने आधुनिक उपकरणों की मदद से लगातार तलाशी अभियान चलाया और सफलता हासिल की ।

थाना प्रभारी आशुतोष ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में पूरा अभियान जारी रहा। मृतक के पिता जगदीश मेघवंशी, ने बताया कि सुशील कक्षा 11 का छात्र था और परिवार का सबसे छोटा सदस्य था।

# महाराष्ट्र से 15 हजार रुपये का ईनामी आरोपी गिरफ्तार

## गुलाबपुरा पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



जिला पुलिस की विशेष कार्रवाई में गुलाबपुरा थाना पुलिस और साइबर सैल ने 15 हजार रुपये के ईनामी वांछित आरोपी को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है । आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज था।

गुलाबपुरा थाना प्रभारी हनुमान सिंह ने बताया की एनडीपीएस एक्ट के वांछित आरोपी अमरीष मधुकर सांवत पिता मधुकर सांवत, निवासी महावीर कल्पवृक्ष सोसायटी, ठाणे, महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया गया है । आरोपी पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

# चार थाना प्रभारियों ने पाया नया मुकामः लोकपाल, श्रद्धा, हेमराज और सिद्धार्थ बने इंस्पेक्टर

## सेवा, परिश्रम और ईमानदारी के चलते पदोन्नति से निखरे चारों अधिकारियों के चेहरे

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

मांडलगढ़, जहाजपुर एवं कोटड़ी क्षेत्र के चार थाना प्रभारियों ने हाल ही में आयोजित पुलिस निरीक्षक इंस्पेक्टर पदोन्नति परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नया मुकाम हासिल किया। परिणाम घोषित होते ही विभाग ने सभी को पुलिस निरीक्षक पद पर पदोन्नत कर दिया। उपलब्धि की खबर फैलते ही पुलिस विभाग और स्थानीय जनप्रतिनिधियों में उत्साह का माहौल बन गया।

बिजौलिया थाना प्रभारी लोकपाल सिंह - क्षेत्र में अपराधों पर लगाम कसने और त्वरित कार्रवाई के लिए चर्चित रहे। उन्होंने कई बड़े मामलों में तत्परता से कदम उठाकर संगठित अपराधों पर अंकुश लगाया और कई अहम कार्रवाईयों को अंजाम देकर कानून व्यवस्था मजबूत की।

काछोला थाना प्रभारी श्रद्धा पचौरी - अपनी कर्तव्यनिष्ठा, संवेदनशील पुलिसिंग और महिला सुरक्षा को लेकर हमेशा सक्रिय रहीं। सामाजिक मुद्दों पर भी उन्होंने सराहनीय पहल की।

शक्करगढ़ थाना प्रभारी हेमराज मीणा - कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए उनकी कार्यशैली की व्यापक सराहना हुई।

बड़लियास थाना प्रभारी सिद्धार्थ प्रजापत - अनुशासित और तेज़-तर्रार अधिकारी के रूप में उन्होंने कई संगीन मामलों का समय पर समाधान कर आमजन का भरोसा जीता।

चारों अधिकारियों की पदोन्नति पर पुलिसकर्मियों, जनप्रतिनिधियों और आमजन ने शुभकामनाएं दीं। स्थानीय लोगों ने कहा कि उनकी मेहनत, ईमानदारी और सेवा-भाव से क्षेत्र की कानून व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।









# भीलवाड़ा में कांग्रेस का 'जन अधिकार आंदोलन' 19 सितंबर को

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



राज्य सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों और आमजन के हितों की अनदेखी के विरोध में कांग्रेस पार्टी 19 सितंबर को जिला मुख्यालय भीलवाड़ा पर जन अधिकार आंदोलन आयोजित करेगी। आंदोलन की तैयारियों को लेकर शाहपुरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई, जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने रणनीति साझा की और कार्यकर्ताओं को आंदोलन को सफल बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। धीरज गुर्जर ने बैठक में कहा कि जनता की आवाज़ दबाने वाली सरकार के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेंगे और जनता के अधिकारों की रक्षा करेंगे। उन्होंने सभी ब्लॉकों को आंदोलन की तैयारियों को युद्धस्तर पर तेज करने के निर्देश दिए। कांग्रेस ने सभी कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे 19 सितंबर को अधिक से अधिक संख्या में भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पहुँचकर आंदोलन को मज़बूती दें, ताकि जनहित की माँगें सरकार तक सशक्त रूप से पहुँच सकें। बैठक में पूर्व प्रधान नीरज गुर्जर, विधायक प्रत्याशी नरेंद्र कुमार रैगर, ब्लॉक अध्यक्ष महावीर कुमावत, नगर कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष रमेश सेन, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष नमन ओझा, वरिष्ठ नेता रामेश्वर सोलंकी, लादूराम खटीक, अजय मेहता, सरपंच भगवत सिंह राणावत, मंडल अध्यक्ष फुलिया प्रधान चाड़ा, कोठिया मंडल अध्यक्ष हनुमान वैष्णव, आमली मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सुवालका, बिलिया मंडल अध्यक्ष भंवर गुर्जर, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष जयंत जीनगर, प्रदेश सचिव चिकित्सा प्रकोष्ठ अतुल त्रिपाठी, यूथ कांग्रेस नगर अध्यक्ष अमन पौंड्रिक, विक्की खान, अमजद खान, पप्पू जैन, रविदत्त पुंडरीक, पार्षद इकबाल खान, भेरू लाल खटीक, कैलाश फामडा, सरपंच कालू राम गुर्जर और अविनाश कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## QUICK BITES

**अतिवृष्टि से चौपट फसलें, समय पर गिरदावरी की मांग**

### किसानों ने कोटड़ी प्रधान को सौंपा ज्ञापन, प्रशासन से त्वरित सर्वे व मुआवज़े की अपील

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।



**राजेन्द्र "बबलू" पोखरना,**

क्षेत्र में हाल ही हुई अतिवृष्टि से किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। बीगोद ग्राम पंचायत के सगतपुरिया सहित निचले इलाकों के खेतों में पानी भर जाने से मक्का, उड़द, मूंग, कपास और तिलहन की फसलें पूरी तरह चौपट हो गई। खेतों में जलभराव के कारण फसलें सड़ने लगी है और किसान खेतों तक भी नहीं पहुँच पा रहे हैं। इसी समस्या को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों ने झाड़ोल बांध जल उपभोक्ता संगम अध्यक्ष रोडू गुर्जर के नेतृत्व में कोटड़ी प्रधान करण सिंह को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने कहा कि गिरदावरी की प्रक्रिया धीमी है, जिससे प्रभावितों को राहत मिलने में देरी हो रही है। प्रधान ने किसानो की समस्या पर तत्काल जिला कलेक्टर से फोन पर बात कर स्थिति से अवगत कराया। इस पर कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि जल्द ही क्षेत्र के सभी खेतों की गिरदावरी करवा दी जाएगी। किसानों ने ज्ञापन में कहा कि इस बार की बारिश ने गरीब से लेकर संपन्न सभी किसानों की आय का मुख्य स्रोत नष्ट कर दिया है। शून्य उत्पादन की स्थिति के कारण किसान गहरे संकट और हताशा में हैं। उन्होंने प्रशासन से सगतपुरिया सहित सभी प्रभावित ग्राम पंचायतों का तुरंत सर्वे करवाकर उचित मुआवज़ा दिलाने की मांग की। प्रधान करण सिंह ने किसानों से कहा कि राज्य सरकार ने भी मुआवज़ा देने की घोषणा कर दी है और जल्द राहत उपलब्ध करवाई जाएगी। अतिवृष्टि से कोटड़ी क्षेत्र की लगभग सभी पंचायतों के किसान बुरी तरह प्रभावित हैं।

**कोटड़ी में उपाध्याय मूल मुनि का चतुर्थ पुण्य स्मृति दिवस**

### 250 श्रद्धालुओं ने एकासन कर गुरु को दी श्रद्धांजलि, धर्मसभा में जीवन मूल्यों पर हुआ मंथन

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।

**राजेन्द्र "बबलू" पोखरना,**

शीतल भवन, में शुक्रवार को संयम सुमेरु श्रमण सूर्य उपाध्याय प्रवर मूल मुनि मसा की चतुर्थ पुण्य स्मृति पर भव्य धर्मसभा आयोजित हुई। इस अवसर पर लगभग 250 श्रद्धालुओं ने एकासन कर गुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की। धर्मसभा को संबोधित करते हुए राकेश मुनि मसा ने कहा कि जीवन को सफल बनाने के लिए गुरु के बताए मार्ग पर चलना और जिनवाणी को अंगीकार करना आवश्यक है। गुरु के चरणों का अनुसरण करने से ही व्यक्ति मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर हो सकता है। उन्होंने कहा कि जीवन में गुरु का स्थान सर्वोपरि होता है। कार्यक्रम में सुदर्शना मसा ने गुरु की महिमा पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर रुचिका सुराणा मुंबई, लाड मेहता भीलवाड़ा, चंद्रवीर सिंह पूर्व प्रधान, आसींद, नरेंद्र बागरेचा कोटा, कमल तालेड़ा ग्वालियर सहित अनेक संघ पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे। आयोजन में श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, कोटड़ी के संरक्षक नवरतन मल पोखरना, अध्यक्ष निर्मल लोढ़ा, मंत्री प्रकाश पोखरना, सतीश लोढ़ा, लोकेश सिंघवी, धर्मचंद डांगी, ऋषभ पोखरना, संजू रुगलेचा सहित कई गणमान्यजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के लाभार्थी लादू लाल धाकड़ अहमदाबाद का विशेष स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने गुरु के उपदेशों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया और धर्मसभा का समापन मंगलपाठ के साथ हुआ।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नज़र ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# गंगापुर में अधूरी सड़कों से त्रस्त जनता, न्यायालय में वाद दायार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



गंगापुर कस्बे के नागरिक पिछले पाँच वर्षों से अधूरी सड़कों की समस्या झेल रहे हैं। करोड़ों रुपये की लागत से शुरू किए गए मार्ग आज तक अधूरे हैं। जगह-जगह गड्ढे और मलबा होने से यातायात बाधित हो रहा है, मरीज समय पर अस्पताल नहीं पहुँच पा रहे और स्कूल जाने वाले बच्चों की सुरक्षा भी खतरे में है। विशेषकर रायपुर रोड, कोर्ट चौराहा और मिनी गेट मार्ग पर दुकानों का अतिक्रमण और अवैध पार्किंग जाम की स्थिति पैदा कर रही है। गोयरा पुल के पास बरसाती नाले पर अवैध निर्माण से सड़क संकरी हो गई है, बरसात में पानी सड़क पर चढ़ जाता है और कई हादसे पहले ही हो चुके हैं। नागरिकों ने लगातार शिकायतें, ज्ञापन और निवेदन किए, लेकिन प्रशासन की कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब जनता ने स्थायी निषेधाज्ञा और आदेशात्मक आज्ञा की मांग करते हुए अदालत में वाद दर्ज कराया है। एडवोकेट रितेश सुराणा, आनंदपाल सिंह, गणपत राणवा, पुष्पेंद्र सिंह, रामेश्वर लाल जाट, हेमेंद्र सुवालका और समाजसेवी रामप्रसाद माली ने सड़क निर्माण कार्य को तत्काल पूरा करने, अतिक्रमण हटाने और अवैध निर्माण ध्वस्त करने की मांग की है।

# शाहपुरा में अमर शहीद जोरावर सिंह बारहठ की जयंती पर पराक्रम दिवस मनाया , अर्पित की श्रद्धांजलि

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

उपखंड मुख्यालय व देवखेड़ा में शुक्रवार को राजस्थान के वीर शिरोमणि, क्रांतिकारी ठाकुर जोरावर सिंह बारहठ की 143वीं जयंती पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित हुआ। श्री प्रताप सिंह बारहठ महाविद्यालय व देवखेड़ा स्थित ठाकुर केसरसिंह विद्यालय में प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर देशभक्ति के जयकारों के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। बसंत वैष्णव ने बताया कि बारहठ की जन्मस्थली देवखेड़ा में पराक्रम दिवस सहित वर्षभर विभिन्न तिथियों पर स्वाभिमान, शौर्य, राष्ट्रचिंतन व नारी शक्ति वंदन दिवस मनाए जाएंगे। समारोह में वक्ताओं ने वीर रस की कविताओं और वीर गाथाओं के माध्यम से उनके योगदान का स्मरण



किया तथा 1912 में दिल्ली में लॉर्ड हार्डिंग पर हुए बम प्रकरण जैसी ऐतिहासिक घटनाओं को रेखांकित किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य, बसंत वैष्णव, कन्हैयालाल धाकड़, पुष्कर राज मीणा, हरमल रेबारी, सरला कंवर सहित कई प्रबुद्धजन मौजूद रहे। महाविद्यालय परिवार से डॉ. ऋचा अंगिरा, डॉ. हंसराज सोनी, प्रो. दिग्विजय सिंह सहित व्याख्याता, विद्यार्थी और स्थानीय नागरिक भी शामिल हुए।

# सरदारजी का खेड़ा ग्रामवासियों ने अवैध कब्जा हटाने की लगाई गुहार

भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़

दोलपुरा ग्राम पंचायत के सरदारजी का खेड़ा के ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी माण्डलगढ़ को ज्ञापन सौंपकर शमशान घाट की जमीन से अवैध कब्जा हटाने की मांग की है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि ग्राम सीमा से लगभग 400 मीटर दूर स्थित 2 बीघा जमीन पंचायत द्वारा वर्षों पहले शमशान घाट के लिए आवंटित की गई थी। तब से इस स्थान का उपयोग ग्रामवासी दाह संस्कार हेतु करते आ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया की 10 सितंबर को ग्राम के कंजर समुदाय के कुछ लोगों ने उक्त भूमि पर अवैध रूप से तारबंदी कर कब्जा कर लिया और विरोध करने पर गाली-गलौच की। ग्रामीणों का कहना है कि पहले भी अगस्त 2021 में इसी विवाद के कारण एक महिला का शव शमशान में तीन घंटे तक पड़ा रहा था और




प्रशासन की उपस्थिति में दाह संस्कार करवाना पड़ा था। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध कब्जा तुरंत हटवाया जाए और भूमि को शमशान घाट के रूप में सुरक्षित किया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार के विवाद की पुनरावृत्ति न हो।

# किशोरियों के लिए विशेष जागरूकता अभियान, राजकीय कार्यालयों का कराया गया एक्सपोज़र विजिट

**भीलवाड़ा में 10 दिवसीय कार्यक्रम के तहत दी गई सुरक्षा व अधिकारों की जानकारी**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देश पर संकल्प हब के अंतर्गत चल रहे 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को जिले की विभिन्न ब्लॉकों से आई किशोरी बालिकाओं का राजकीय कार्यालयों में एक्सपोज़र विजिट कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक नगेन्द्र कुमार तोलम्बिया के निर्देशन में हुआ। किशोरी बालिकाओं ने इस दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महिला अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग, महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र तथा वन स्टॉप सखी



सेंटर का दौरा किया। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र यादव ने छात्राओं को राजकॉप सिटीजन ऐप, हेल्पलाइन 112 व 1098, पॉक्सो एक्ट, कालिका बटालियन और गरिमा पेटी जैसी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किशोरियों को अपने आसपास होने वाले अपराधों के प्रति सजग रहना चाहिए। उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग की राजकुमारी खोरवाल ने एनिमिया और पोषण से जुड़ी जानकारी साझा की। महिला अधिकारिता विभाग की पर्यवेक्षक मीनल विजयवर्गीय और सहायक प्रशासनिक अधिकारी सत्यनारायण भांबी ने वन स्टॉप सखी सेंटर और महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र में उपलब्ध परामर्श, आश्रय और सुरक्षा सेवाओं की रूपरेखा बताई। उन्होंने पोश अधिनियम 2013, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 और दहेज निषेध अधिनियम 1961 जैसे महिला सुरक्षा कानूनों से भी बालिकाओं को अवगत कराया।

पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र की प्रबंधक गंगा दाधीच ने माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी और किशोरियों से स्वच्छता को लेकर जागरूक रहने का आह्वान किया।

अभियान का उद्देश्य किशोरियों को कानून, सुरक्षा, पोषण और स्वच्छता से जुड़ी जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर और जागरूक नागरिक बनाना है।

# भक्त मंडल ने कुंडलपुर में किए बड़े बाबा के दर्शन, बाढ़ पीड़ितों के लिए की प्रार्थना

**विंध्यश्री माताजी को कोटड़ी आने का दिया निमंत्रण, यात्रा में उमड़ा श्रद्धा भाव**

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण

( दिनेश पारीक ) बुंदेलखंड की धार्मिक यात्रा पर निकले भक्त मंडल ने शुक्रवार को अपने पांचवें दिन मध्यप्रदेश के दमोह जिले के प्रसिद्ध जैन तीर्थ कुंडलपुर पहुंचकर भक्ति-भाव से बड़े बाबा मंदिर में अभिषेक, पूजन और आरती कर आशीर्वाद लिया। आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा से विकसित यह अतिशय क्षेत्र भक्तों की श्रद्धा से सराबोर रहा। भक्तों ने कुंडलपुर परिसर में स्थित 73 मंदिरों व जिनालयों के दर्शन किए। इसके बाद यात्रा दल दमोह जिले के सलेहा गांव पहुंचा, जहां श्री 1008 शीतलनाथ भगवान जैन मंदिर निर्माण की प्रेरणा स्रोत विंध्यश्री माताजी की जन्मस्थली है। यहाँ श्रद्धालुओं ने माताजी को श्रीफल चढ़ाकर कोटड़ी पधारने का आग्रह किया। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने पंजाब में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों और पशुओं की पीड़ा दूर करने के लिए भगवान से विशेष प्रार्थना की। यात्रा दल में अनिल पायल जैन, जितेंद्र सेठी, नवनीत-बीना सेठी, नितेश-खुशबू जैन, पंकज , अशोक-



सरोज सेठी, अशोक-आरती जैन सहित बड़ी संख्या में भक्त शामिल रहे ।

# वीर तेजाजी महाराज मेले की धूम, श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ आगाज

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**






तहसील क्षेत्र की आरोली ग्राम पंचायत के ढाणी चबूतरा में शुक्रवार को आस्था और परंपरा का संगम देखने को मिला। यहां हर साल की तरह इस बार भी ÷वीर तेजाजी महाराज का भव्य मेला÷ बड़े धूमधाम से शुरू हुआ। मुख्य अतिथि विधायक गोपाल खंडेलवाल ने भगवान तेजाजी महाराज के मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उनके साथ विभिन्न समाजों और गांवों से आए श्रद्धालु भी पूजा में शामिल हुए। मेला समिति द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय आयोजन में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, वरिष्ठ नेता जगदीश पूरी, मंडल महामंत्री मुकेश धाकड़, मेला समिति अध्यक्ष राजेश बंजारा, रोडू बंजारा, मुंशी बंजारा, भीम बंजारा, अमर सिंह रावत, जयलाल गुर्जर, गोपाल बैरागी, नैना राम भोपा, उमाशंकर वैष्णव, पिंटू शर्मा, हेमराज राजपूत, हरि सिंह रावत, शक्ति केंद्र प्रभारी खुशराज खटीक, अशोक खटीक, कुलदीप मेघवाल सहित बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे। मेले की शुरुआत परंपरागत नेजे चढ़ाकर हुई। ब्यावर, जलेरी, नया नगर, यादव मोहल्ला, करलाव और अमरदास महाराज के मोहल्ले सहित विभिन्न इलाकों से करीब 10-15 नेजे डीजे की धुनों के साथ श्रद्धापूर्वक चढ़ाए गए। तेजाजी महाराज के जयकारों और ढोल-नगाड़ों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मेले में दूर-दराज़ से आए श्रद्धालुओं ने भाग लेकर लोक परंपरा को जीवंत किया।

# हाईवे पर मवेशियों का जमावड़ा, दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा

**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला**



राजसमंद-भीलवाड़ा हाईवे के मुझरास टोल प्लाजा और आसपास के क्षेत्र में शाम ढलते ही मवेशियों का जमावड़ा लगने से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नरसिंहपुर गांव के पास सड़क पर खड़े और बैठे पशु दोपहिया व चारपहिया वाहनों के लिए खतरा बन रहे हैं। कई जगह चालक पशुओं को बचाने के प्रयास में हादसों का शिकार हो रहे हैं, खासकर रात्रि के समय दुर्घटनाओं की संभावना और बढ़ जाती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे अथॉरिटी या टोल कंपनी की ओर से सुरक्षा के पर्याप्त उपाय नहीं किए जा रहे। पशुओं के सींगों पर रेडियम लगाने या गले में रेडियम माला पहनाने की व्यवस्था नहीं होने से रात में चालक उन्हें देख नहीं पाते। लोगों ने प्रशासन, टोल प्रबंधन, गौशालाओं और गौसेवकों से अपील की है कि मवेशियों को सड़क से हटाने और उन्हें सुरक्षित गौशालाओं में पहुंचाने के प्रयास किए जाएं, ताकि वाहन चालकों और पशुओं–दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# जिला स्तरीय पावरलिफ्टिंग में चमके खिलाड़ी

## विजेता कोटा में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे भीलवाड़ा का नेतृत्व

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



सिंधु भवन, वैभव नगर में आयोजित जिला स्तरीय बेंच प्रेस सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर एवं मास्टर पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए

कोच हर्ष सुवालका ने बताया कि बालिका वर्ग में निखत अंजुम, मेगा धोबी, मुस्कान मंसूरी, बुसरा पठान ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि कृष्णा साहू ने रजत पदक प्राप्त किया। बालक वर्ग में सोनू खटीक ने स्वर्ण और करण रैगर ने रजत पदक जीता। मास्टर वर्ग में प्रहलाद चावला ने 62 वर्ष की आयु में 65 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

विजेता खिलाड़ियों को डी फिटनेस जिम पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय सर्वधर्म महासभा के अनिल छाजेड़, जिम ओनर महावीर गुर्जर, खेमराज गुर्जर, पुरण कासोटिया, पृथ्वीराज गुर्जर, अक्की दाधीच और अभि जाट ने खिलाड़ियों का माला पहनाकर उत्साहवर्धन किया।

सभी विजेता अब 18-19 सितंबर को कोटा में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भीलवाड़ा का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# एबीवीपी ने छात्रों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

## कॉलेज प्रशासन पर लापरवाही का आरोप, आंदोलन की चेतावनी

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी इकाई मांडलगढ़ ने शुक्रवार को कॉलेज प्राचार्य के माध्यम से कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपकर छात्रों की समस्याओं पर नाराज़गी जताई। ज्ञापन छात्र नेता परमेश्वर पूरी के नेतृत्व में सौंपा गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए।

परिषद ने आरोप लगाया कि सत्र 2024-25 में सेमेस्टर प्रणाली के तहत प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के परिणाम जारी करते समय कई विद्यार्थियों के परिणाम रोक दिए गए। यह लापरवाही कॉलेज कर्मचारियों की रही , जिसकी वजह से छात्र न तो अपने अंक देख पा रहे हैं और न ही अगले सेमेस्टर में आवेदन कर पा रहे हैं। परिषद ने मांग की कि प्रशासन पूरी ज़िम्मेदारी लेते हुए समस्या का तत्काल समाधान करे और आगे से सत्र 2025-26 में किसी भी छात्र का परिणाम रोका न जाए।

इसके अलावा, कला संकाय प्रथम सेमेस्टर में 400 सीटों पर प्रवेश हुआ, लेकिन 144 छात्र प्रवेश से वंचित रह गए। इनमें से 100 विद्यार्थियों को अतिरिक्त वर्ग खोलकर समायोजित किया गया, जबकि शेष छात्रों ने शुल्क जमा कराने के बावजूद प्रवेश नहीं मिल पाने पर नाराज़गी जताई। परिषद ने मांग की कि इन छात्रों की फीस शीघ्र लौटाई जाए। परमेश्वर पूरी, सोनू बैरवा, रतन खटीक, मुकेश धाकड़, दुर्गेश गुर्जर, हिमांशु, नितिन, सूरज, अंजली, अक्षिता, खुशी, मोनिका और विकास सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ ज्ञापन सौंपने के दौरान उपस्थित रहे। परिषद ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी ज़िम्मेदारी कॉलेज प्रशासन और शासन की होगी।

# ककरोलिया घाटी में बजरी लीज पर दूसरी जनसुनवाई , स्थानीय रोजगार व रॉयल्टी राहत की रखी मांगें

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला**



( **विक्रम सिंह** ) ककरोलिया घाटी पंचायत मुख्यालय पर शुक्रवार को बजरी लीज से जुड़ी पर्यावरण स्वीकृति की दूसरी जनसुनवाई शांतिपूर्ण माहौल में हुई। ग्रामीणों ने इसमें सक्रिय भागीदारी करते हुए स्थानीय बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता से रोजगार देने और पंचायत क्षेत्र में बजरी डालने पर रॉयल्टी से छूट की मांग रखी।

कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश मेहरा, तहसीलदार शैतान सिंह मीणा, सरपंच प्रतिनिधि कमलेश जाट, राज्य प्रदूषण मंडल अधिकारी, लीज ठेकेदार के प्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मांगों को उच्च स्तर पर भेजकर समाधान का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीणों ने इसे पारदर्शिता और विकास के लिए सकारात्मक पहल बताया।

## QUICK BITES

### कन्या महाविद्यालय में नशा मुक्ति पर व्याख्यान, आत्मरक्षा शिविर का शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**


सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय में नई किरण नशा मुक्ति केंद्र व एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति पर विशेष व्याख्यान आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता बहन तरुणा ने छात्राओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के महत्व पर प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. सावन कुमार जांगिड़ ने मोबाइल के अति उपयोग को भी नशा बताते हुए संयम बरतने की सलाह दी।

इसी क्रम में कैलाश त्रिवेदी राजकीय कन्या महाविद्यालय, गंगापुर व राजकीय महाविद्यालय, हमीरगढ़ में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। यह शिविर 24 कार्य दिवसों तक चलेगा, जिसमें 50-50 छात्राएं आत्मरक्षा के कौशल सीखेंगी।

### जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न

**विभागीय कार्यों की प्रगति पर चर्चा, अधिकारियों को दिए निर्देश**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में एडीएम शहर प्रतिभा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ आमजन तक समयबद्ध और गुणवत्तापूर्वक पहुँचना प्राथमिकता है। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को शीघ्र राहत मिल सके। बैठक में आदि कर्मयोगी अभियान, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, ग्रामीण सेवा शिविर और शहर चलो अभियान की प्रगति और आगामी तैयारियों पर विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि आगामी दिशा बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की विस्तृत समीक्षा होगी, इसलिए सभी विभाग अद्यतन प्रगति रिपोर्ट और भविष्य की कार्ययोजना समय पर प्रस्तुत करें।

### शाहपुरा बालिका विद्यालय में 21वीं सदी के कौशल पर कार्यशाला

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**




पीएम श्री वीर माता माणिक कंवर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को 21वीं सदी के कौशल विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं को समालोचनात्मक चिंतन क्रिटिकल थिंकिंग और मीडिया लिटरेसी समाचार विश्लेषण के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में सुनीता व्यास ने समाचारों की सच्चाई और संदर्भ को समझने के तरीकों पर चर्चा की। छात्राओं कश्यप, पठान और पलक कोली ने सोशल मीडिया पर साझा की जाने वाली सूचनाओं की प्रामाणिकता पर अपने विचार व्यक्त किए। समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों का विश्लेषण कर तथ्य परखने के अभ्यास भी कराए गए।

प्राचार्य रीता धोबी ने कहा कि वर्तमान समय में मीडिया की समझ और तथ्यों की जांच आवश्यक है। इंदिरा जैन, ज्योति सुमन सहित कक्षा 6 से 12 तक की छात्राएं कार्यक्रम में मौजूद रहीं।

### भाजपा की जिला कार्यशाला आज, राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी होंगे मुख्य वक्ता

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



भारतीय जनता पार्टी के केंद्र एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिला संगठन द्वारा सेवा पखवाड़ा, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं नेक्स्ट - जेन - जीएसटी रिफॉर्म्स अभियान को लेकर जिला कार्यशाला का आयोजन टंकी के बालाजी स्थित जिला कार्यालय पर शनिवार को सुबह 11.30 बजे किया जाएगा। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि कार्यशाला के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी होंगे। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा करेंगे। कार्यशाला में वक्ता तीनों कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इस अवसर पर जिलेभर से जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य, मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं महामंत्री, विधानसभा संयोजक, मंडल अध्यक्ष एवं तीनों अभियानों से जुड़ी जिला टोली, मंडल संयोजक, सहसंयोजक उपस्थित रहेंगे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।